>

Title: Request the government to fix the Minimum Support Price of the sugarcane for procurement by sugarcane Mills in Uttar Pradesh.

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । मैं उत्तर प्रदेश के किसानों को लेकर एक गंभीर समस्या आपके सामने उठाने जा रहा हूं । मेरे अमरोहा लोक सभा क्षेत्र में किसानों का तकरीबन 25 परसेंट गन्ना चीनी मिलों में चला गया है । किसानों के साथ इतना अन्याय इस देश में हो रहा है, मैं समझता हूं कि दुनिया में कहीं नहीं होगा । अगर आप सुबह घर में किसी मजदूर को मजदूरी के बुलाएं तो वह पहले अपनी मजदूरी तय करता है । उसको बताया जाता है कि तुम्हें ये मजदूरी मिलेगी । लेकिन, उत्तर प्रदेश के अंदर गन्ना किसानों ने 25 परसेंट गन्ना चीनी मिलों को दे दिया, लेकिन अभी तक यह तय नहीं हुआ कि उनका गन्ना किस भाव से चीनी मिल खरीद रही हैं । …(व्यवधान) आप बता दीजिए कि इस साल गन्ना किस भाव पर खरीदा जा रहा है । …(व्यवधान) अध्यक्ष जी, ये डिस्टर्ब कर रहे हैं । ये एक सीनियर मेम्बर हैं । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आपका एक मिनट पूरा हो गया । एक मिनट पूरा समय दिया गया ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप मांग कर लीजिए ।

…(व्यवधान)

कुंवर दानिश अली : अध्यक्ष जी, मैं मांग कर रहा हूं । मेरा आपके माध्यम से सरकार से यह कहना है कि उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों की कीमत तय हो कि चीनी मिल किस भाव पर गन्ना खरीदे । …(व्यवधान) सर, मेरी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है । …(व्यवधान)

19.00 hrs

माननीय अध्यक्ष: आप मांग कर लीजिए । इनको बोलने दीजिए ।

…(व्यवधान)

कुंवर दानिश अली : अध्यक्ष जी, मेरा आपके माध्यम से सरकार से कहना है कि उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों के गन्ने की कीमत तय हो कि किस भाव से लिया जाएगा और चीनी मिलों को निर्देशित किया जाए कि उनका भुगतान तुरंत कराया जाए ।…(व्यवधान)

کنور دانش علی (امروہہ): محترم اسپیکر صاحب، میں اتر پردیش کے کسانوں کو لے کر ایک سنجیدہ مسئلہ آپ کے سامنے اُٹھانے جا رہا ہوں۔ میرے امروہہ پارلیمانی حلقہ میں کسانوں کا تقریباً 25 فیصد گنّا چینی ملوں میں چلا گیا ہے۔ کسانوں کے ساتھ اتنی نا انصافی اس ملک میں چل رہی ہے میں سمجھتا ہوں کہ دنیا میں کہیں نہیں ہوگی۔ اگر آپ صبح گھر میں کسی مزدور کو مزدوری کے لئے بلائیں تو وہ پہلے اپنی مزدوری طے کرتا ہے، اس کو بتایا جاتا ہے کہ اسے یہ مزدوری ملے گی۔ لیکن اُتر پردیش کے گنّا کسانوں نے 25فیصد گنّا چینی ملوں کو دے دیا، لیکن ابھی تک یہ طے نہیں ہوا ہے کہ ان کا گنّا کس بھاؤ سے چینی ملیں خرید رہی ہیں۔ (مداخلت)--- آپ بتا دیجئےکہ اس سال گنّا کس بھاؤ خریدا جا رہا ہے۔ (مداخلت)-- اسپیکر صاحب، یہ ڈِسٹرب کر رہے ہیں۔ یہ ایک سینئر ممبر ہیں (مداخلت)----

کے آپ میرا ہوں۔ رہا کر مانگ میں صاحب، اسپیکر محترم): امروہہ (علی دانش کنور چینی کہ ہو طے قیمت کے کسانوں گنّا کے پردیش اُتر کہ ہے کہنا سے سرکار سے ذریعہ -- ہے رہی جا نہیں میں ریکارڈ بات میری جناب -)مداخلت (خریدیں گنّا پر بھاؤ کس مل --)مداخلت(

کنور دانش علی (امروہہ): محترم اسپیکر صاحب، میرا آپ کے ذریعہ سے سرکار سے کہنا ہے کہ اُتر پردیش کے گنّا کسانوں کے گُنے کی قیمت طے ہو کہ کس بھاؤ سے گنّا لیا جائے گااور چینی ملوں کو ہدایت دی جائے کہ وہ جلد سے جلد ان کی قیمت کی ادائیگی کریں۔-

माननीय अध्यक्ष: श्री मलूक नागर एवं श्री गिरीश चन्द्र को कुंवर दानिश अली द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।